भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY
☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय (प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

अमर उजाला

Office of the Registrar (Press & Publicity Cell)

दिनांक : 30.03.2019

शोध और अनुसंधान में मदद करेगी सीआईएल

अमर उजाला ब्यूरो

आईआईटी बीएचयू में कोयला खनन की चुनौतियों पर कार्यक्रम

वाराणसी। कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन एके झा ने कहा कि आ ई आ ई टी बीएचयू को सीआईएल (कोल इंडिया लिमिटेड) शोध और अनुसंधान में मदद करेगी। वह शुक्रवार को आईआईटी बीएचयू के माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग में कोयला खनन चुनौतियां और जिम्मेदारियों पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यहां मौजूद हर छात्र सीआईएल का अध्यक्ष बनने में सक्षम है। कोल इंडिया स्टाक मार्केट में 15000 करोड़ रुपये की हिस्सेदारी रखता है। कोल इंडिया को अपने विशाल लक्ष्य को हासिल करने के लिए बहुत सारे प्रतिभाशाली खनन इंजीनियरों की आवश्यकता है। इसमें बीएचयू को एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

कहा कि हमारे पास आने वाले सौ सालों के लिए कोयले का पर्याप्त भंडार है। सीआईएल दुनिया का सबसे बड़ा कोयला उत्पादक और देश की 84 फीसदी ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर रही है। हमारे पास सात सौ से अधिक कोयले की खाने हैं। कहा कि सीआईएल बीएचयू को आरएंडडी एंडोर्समेंट में मदद करने के लिए तैयार है लेकिन संस्थान को भी उद्योग क्षेत्र में काम के लिए आगे आना होगा। विभागाध्यक्ष प्रो. एसके शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सीएमडी एनसीएल पीके सिन्हा, निदेशक एंड प्लानिंग एंड प्रोजेक्ट्स पीएम प्रसाद, एके अग्रवाल, एमके सिंह आदि मौजूद रहे।

आईआईटी बीएचयू में संबोधित करते सीआईएल के चैयरमैन एके झा। अमर उजाला